## खबर संक्षेप

### SBI मंडला फर्जी भर्ती मामले का थाना कोतवाली मण्डला पुलिस ने किया खुलासा

**मण्डला।** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) मंडला शाखा में फर्जी तरीके से भर्ती के एक गंभीर मामले का मंडला पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दिनांक 12 मार्च 2024 को बैंक प्रबंधन द्वारा थाना कोतवाली मण्डला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि SBI मंडला में जूनियर असोसिएट के पद पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने भर्ती प्रक्रिया में धोखाधड़ी कर नियुक्ति प्राप्त की है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि महिला कर्मचारी ने स्वयं परीक्षा नहीं दी थी, बल्कि उसके स्थान पर किसी अन्य महिला ने परीक्षा दी थी। इसी आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल गिरफ्तारी की गई थी। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त महिला की भर्ती में उसके भाई नाहर सिंह मीना की सक्रिय भूमिका रही, जिसने उसके स्थान पर परीक्षा दिलवाने की व्यवस्था की थी। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद, पुलिस के समक्ष यह चुनौती बनी रही कि भर्ती परीक्षा में आखिरकार महिला अभ्यर्थी के स्थान पर वास्तविक रूप से कौन बैठा था। किन्तु पुलिस की लगातार तकनीकी विश्लेषण, दस्तावेजों की जाँच एवं अन्य साक्ष्यों के गहन अध्ययन के उपरांत यह पुष्टि हुई कि परीक्षा हरियाणा के फरीदाबाद निवासी एक महिला द्वारा दी गई थी। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिल्ली जाकर उक्त महिला से पुछताछ की गई पुछताछ में उक्त भर्ती में कैंडिडेट के स्थान पर प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के साथ साथ वेरिफिकेशन में भी शामिल होना स्वीकार किया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 09 जुलाई 2025 को माननीय न्यायालय में पुलिस रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया है।

## प्रधानाध्यापक और प्राचार्य लेंगे अनिवार्य रूप से दो कालखंड-आदेश

# आखिर क्यों नहीं पढ़ाते प्रधानाध्यापक और प्राचार्य

*** जिले में नहीं हो रहा इस आदेश का पालन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा वर्ष 2016 में जारी आदेश क्रमांक/विद्या/2016/1864, दिनांक 2 अगस्त 2016 तथा स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र./आरएमएसए/2016/1058 दिनांक 25.06.2016 के तहत यह स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि राज्य की समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में कार्यरत प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य अनिवार्य रूप से न्यूनतम दो कालखंडों में शिक्षण कार्य करें।

राज्य स्तरीय परियोजना परीक्षण समिति के निर्णयानुसार, प्रधानाध्यापक/प्राचार्य को समय विभाग चक्र में अपने विषय के दो कालखंड दर्शाकर कालखंड स्वयं लेना होगा। साथ ही, संबंधित कक्षा व विषय का परीक्षा परिणाम भी उन्हीं के नाम से दर्ज किया जाना अनिवार्य किया गया है।


लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल- 462023

### फिर भी नहीं हो रहा आदेश का पालन

जमीनी स्तर पर स्थिति इससे भिन्न दिखाई दे रही है। नाम न छापने की शर्त पर अधिकांश शिक्षकों से मिल रही जानकारी के अनुसार, कई प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य आज भी एक भी कालखंड नहीं ले रहे हैं।कुछ तो टाइम- टेबिल में नाम तो दर्शा देते हैं पर अतिथि शिक्षक या अपने भरोसेमंद से अध्यापन करवाते हैं। इससे विद्यालयों की शिक्षण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और शासन के निर्देशों की अनदेखी हो रही है। साथ कुछ विभागीय सूत्रों का कहना है कि बहुत से प्राचार्य तो अपना नाम उपस्थिति पंजी मे भी दर्ज नही करते जबकि उपस्थित पंजी मे बाकायदा उनका नाम दर्ज रहना चाहिए, आगे यह जानकारी भी मिली है कि कोई भी काम का बहाना करके वे स्कूल से गायब रहते हैं, अब ऐसी स्थिति मे कैसे स्कूलों मे शैक्षणिक कार्य का सुधार हो सकेगा जो गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए बड़ा सवाल है।

### शासन की मंशा स्पष्ट

शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यालयों में नेतृत्वकारी पदों पर बैठे शिक्षक संवर्ग को शिक्षण कार्य से जोड़े रखना है, ताकि वे शैक्षणिक गतिविधियों में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाएं और छात्रों के शैक्षिक परिणामों में सुधार हो।साथ ही उनकी योग्यता और अनुभव का लाभ विद्यार्थियों को मिल सके।

### निरंतर निगरानी की आवश्यकता

शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन की निगरानी की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारियों,सहायक आयुक्त , बीईओ, बीआरसी, सहायक संचालक शिक्षा एवं परियोजना समन्वयकों को चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य दो कालखंडों का शिक्षण कार्य नियमित रूप से करें।

शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का सभी स्तरों पर गंभीरता से पालन किया जाए। यदि जिम्मेदार अधिकारी स्वयं शिक्षण कार्य से विमुख रहेंगे, तो शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार लाना कठिन होगा। प्रायः देखा गया है कि जिले में मॉनिटरिंग न के बराबर है। सतत मॉनिटरिंग होती रहे तथा लापरवाह पर समुचित कार्यवाही हो तो शिक्षा का स्तर सुधर सकता है।परीक्षा परिणाम अच्छा आना अलग बात है ? बात क्वॉलिटी एजुकेशन की होना चाहिए।

## सरपंच पर समाज से बष्हिकृत एवं जमीन पर कब्जा कराने का आरोप




*** तालाब निर्माण को लेकर हुआ था विवाद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बीजाडांडी विकासखण्ड ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच कल्लू आर्मो व साथियों पर यहां के पोषक ग्राम खाम्ही के निवासी शारदा एवं ज्योति उइके दोनों भाई -बहन द्वारा उनके परिवार को समाज बष्हिकृत कराने का आरोप लगाया गया है। और बताया गया कि उनके पिता ओमकार उइके को वन विभाग से मिली भूमि कक्ष क्रमांक-566 पर दूसरे का कब्जा करा दिया गया है, जिसकी शिकायत पिछले दिनों दोनों भाई-बहन द्वारा कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय में की गई है। शिकायत पत्र पर उल्लेख किया गया है कि पिता की जमीन पर सरपंच द्वारा 25 लाख रूपये की लागत से शासकीय तालाब निर्माण कराया जा रहा था। तब विरोध व शिकायत करने पर तालाब निर्माण का कार्य रोका गया तभी से सरपंच एवं उनके समर्थक पीड़ित परिवार से दुर्भावना रखते हुए नाराज चल रहे हैं। और तालाब निर्माण का कार्य उक्त भूमि के पास दूसरे स्थान पर कराया जा रहा था। इस दौरान पीड़ित परिवार की जमीन में गेहूं एवं सब्जियों की फसल को मवेशियों से चरवा दिया गया साथ ही निर्माण कार्य के मटेरियल सप्लायर बीजाडांडी निवासी कमलेश यादव द्वारा भी फसल के ऊपर से परिवाहन किया गया जिससे फसल चौपट हो गई। जब इसका विरोध किया गया तब उस समय कहा गया था कि तालाब निर्माण के बाद क्षतिपूर्ति राशि दे दी जायेगी। जब राशि मांगी गई तो कह दिया गया, जो लगे सो कर लो अब कुछ नहीं मिलने वाला और ऊपर से गुस्साएं सरपंच एवं उनके साथियों द्वारा उपजाऊ सिंचित भूमि पर दूसरे व्यंक्ति सोमरतन नरेती का कब्जा करवाते हुए पीड़ितो को समाज से बष्हिकृत कर दिया गया है। सरपंच की हिटलरशाही हुकूमत से त्रस्त पीड़ित परिवार न्याय पाने यहां-वहां भटक रहा है। इस मामले में सामाजिक नेताओं को भी आगे आकर पीड़ितों की मदद करना चाहिए।



## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिविर का आयोजन एवं उपकरण वितरण



**मण्डला।** कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा डीपीसी अरविन्द विश्वकर्मा के निर्देशन एवं कृष्णकुमार उपाध्याय सहायक परियोजना समन्वयक समवेशी शिक्षा के मार्गदर्शवन में जनपद शिक्षा केंद्र मंडला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। यह शिविर समावेशी शिक्षा के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। शिविर में एलिम्को टीम के सहयोग से 46 बच्चों को 63 उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें व्हील चेयर, वॉकर, ट्राय साइकिल, रॉलीटर, क्रच, कान की मशीन, वॉकिंग स्टिक जैसे सहायक उपकरण शामिल थे। इस अवसर पर कुल 63. उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनादि वर्मा, एम.आर.सी. संदीप सोनी प्रशात वेद, तथा बी.ए.सी. संतोष झरिया उदय कांत अवस्थी सागर पटेल स्वाति सोनवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों एवं बच्चों ने शासन एवं विभाग का आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रकार की पहल बच्चों को आगे बढ़ने में सहायता करेगी।

## विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं विद्यार्थी के रक्तगट परीक्षण का हुआ आयोजन, किया पौधारोपण

*** भारत के भविष्य को गढ़ने में विद्यार्थी परिषद का 77 वर्षों में रहा महत्पूर्ण योगदान- संजय कुशराम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विश्व का सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 77 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। इतने लंबे समय तक अपने ध्येय पथ पर बने रहना और देश हित में कार्य करते रहने का अनुपम उदाहरण एबीवीपी ने प्रस्तुत किया है। एक छात्र संगठन की कल्पना जब लोगों के मन में आती है, तो एक छात्र संगठन से अपेक्षा केवल विद्यालय महाविद्यालय परिसर व अन्य शिक्षा से जुड़े विषयों को लेकर होती है, एबीवीपी ने एक छात्र संगठन होते हुए भी शिक्षा क्षेत्र के साथ समाज और देश हित में कई विषयों पर कार्य किया है और नए आयाम स्थापित किए हैं। विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय आईटीआई मंडला में संगोष्ठी का आयोजन किया इसके साथ ही विद्यार्थियों के रक्तगट का परीक्षण किया वा सभी को रक्तदान के लिए जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि कि देश का सर्वांगीण विकास करने के लिए युवा शक्ति को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए आगे आना होगा। स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं तक पहुंचाकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थी परिषद छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में विकसित करता है। युवाओं के हृदय में राष्ट्रवाद का भाव जागृत करता है। कार्यक्रम के अंत में पधारोपण किया गया, इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य आरएस वरकड़े, नगर विस्तार विशाल ओबेराय, प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल, प्रांत कार्यकारणी सदस्य व नगर मंत्री प्रिंस सिंह, जिला खेलो भारत प्रमुख शिवांग मार्को आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बारिश और बाढ़ के कारण मकान को नुकसान होने के कारण मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत कई पंचायत और गांव में मूसलाधार बारिश होने के कारण कई मकानों में क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिनके जायजा लेने के लिए तहसीलदार एवं उनकी टीम मौके में जाकर क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा लिया अधिक पानी गिरने के कारण बाढ़ में कई मकान चपेट में आ गए जिससे उनके गृहस्थी का सामान खराब हो गया और रहने के लिए मकान जो थे वह गिर गए इसी तरह ग्राम पंचायत चंदेहरा शंकरगंज भावल एवं अन्य पंचायत में जैसे ही बारिश रुकी तो लोगों के घर गिरने लगे एवं पानी पड़ने के कारण गिर रहे हैं लोगों ने मांग की है कि हमें मुआवजा दिया जावे जिससे घरों में रखें अनाज एवं अन्य चीज खराब होने के कारण लोगों ने तीन-तीन माह के राशन लेकर रखे हुए थे एवं बरसात की तैयारी के तहत सभी जरूरी सामान 4 महीने लिए रखा हुआ था बाढ़ और बारिश के कारण लोगों के घरों में पानी घुस जाने के कारण पूरी गृहस्थी का सामान खराब हो गया शासन से निवेदन है कि लोगों की शीघ्र ही सहायता दिलाई जाए।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' किया गया पौधारोपण

**मण्डला।** घुघरी परियोजना अंतर्गत परियोजना अधिकारी सुश्री प्रेरणा मर्सकोले के मार्गदर्शन में बुधवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण किया गया। आम, जामुन, आवला, मुनगा आदि पौधों को लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणजन, पर्यवेक्षक, कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं उपस्थित रही।

## सड़क खोद कर भाग गए ठेकेदार, नल जल का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरु नारायणगंज में नल जल योजना का काम न होने के कारण एवं ठेकेदार द्वारा कांक्रीट सड़क को खोद कर लाइन बिछाई गई परंतु चार माह से अधिक हो गए ठेकेदार द्वारा अभी तक गड्ढो को सही नहीं किया जिससे लोगों को चलने में परेशानी हो रही है बारिश के मौसम में जगह-जगह सड़क खोदकर बिछाई गई पाइपलाइन जो कि काम अधूरा छोड़कर ठेकेदार द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं किया गया अधिकारियों की मनमानी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों को बरसात के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खैरी ग्राम पंचायत के बैगा टोला से लेकर कुम्हारी मोहल्ला एवं बर्मन टोला में जगह-जगह पक्की सड़क को खोद दिया गया है जिसका काम अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है बार-बार पंचायत जाकर शिकायत की जा रही है परंतु अभी तक काम न होने के कारण लोगों को मजबूरी बस जनपद पंचायत सीईओ को लिखित आवेदन दिया गया क्योंकि पुरी रोड को तहस-नहस कर दिया गया है अधिकारियों को द्वारा बार-बार आश्वासन ही दिया जा रहा था एचपी विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार उन्हें शिकायत की गई परंतु इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जनता बोलते बोलते गर्मी से बरसात आ गई लेकिन अभी तक ठेकेदार द्वारा काम पूर्ण नहीं कर रहे हैं अतः उच्च अधिकारी से निवेदन है कि तत्काल कार्रवाई की जावे एवं सड़कों का शेष काम पूर्ण कराया जाए।



## अव्यवस्था | नाले के पुनर्निर्माण और टॉयलेट व्यवस्था की उठी मांग।

# गोडाऊन में जलभराव से व्यापारी परेशान

*** न्यू मार्केट बस स्टैंड सड़क का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल बस स्टैंड रोड स्थित न्यू मार्केट इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। यहां की दुकानों के नीचे बने तलघर (गोदाम) में लगातार पानी भरने से व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीन-तीन फुट तक भरे पानी के कारण जहां दुकानदारों का सामान खराब हो रहा है, वहीं व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस मार्केट में कुल 16 दुकानें हैं, जिनका निर्माण वर्ष 1982 में नगर पालिका मंडला द्वारा आमंत्रित विधिवत बंद लिफाफे की निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कराया गया था। उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदकों को क्रमशः दुकानें आवंटित की गई थीं। वर्ष 1985 में इन दुकानों एवं उनके नीचे बने तलघरों का अधिकार संबंधित दुकानदारों को सौंप दिया गया था, जो तब से अब तक नियमित रूप से किराया भी जमा करते आ रहे हैं।



व्यापारियों के अनुसार, पिछले 10 से 15 वर्षों से दुकानों के पीछे बना नाला खराब गुणवत्ता का होने के कारण लगातार रिसता रहा है। वर्तमान में यह स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नाले का पानी सीधे गोदामों में घुस रहा है। इस समस्या की जानकारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) गजानन नाफड़े को दी गई, जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर निरीक्षण किया और नगरपालिका की सफाई टीम को भेजकर नाले की सफाई करवाई।

सीएमओ गजानन नाफड़े ने बताया कि उनके द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, दुकानदारों से चर्चा हुई, विशेष रूप से दवा व्यवसायियों से बात कर समस्याओं को समझा गया। नाले की सफाई कर दी गई है और जल निकासी अब ठीक से हो रही है। शीघ्र ही स्थायी समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

पुराना निर्माण होने के कारण कई दुकानों की छतों और दीवारों में दरारें व सीलन की समस्या बनी हुई है, जिसे व्यापारी अपने खर्च पर सुधार रहे हैं।

व्यापारियों ने नगर पालिका से आग्रह किया है कि इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और नाले के पुनर्निर्माण व टॉयलेट निर्माण जैसे जरूरी कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए सीएमओ गजानन नाफड़े का आभार भी व्यक्त किया है।

## जिले में 09 जुलाई तक 463.0 मि.मी. औषत वर्षा दर्ज की गई

**डिंडौरी ।** डिंडौरी जिले में 09 जुलाई 2025 तक जिले में 463.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा की जानकारी प्रपत्र अनुसार 09 जुलाई 2025 तक डिंडौरी में 724.2 अमरपुर में 416.6, समनापुर में 272.2, बजाग में 358.1, करंजिया में 341.7, शहपुरा में 532.4 और मेंहदवानी में 595.7 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## सिमी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्राप्त की उपाधि

**कोतमा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी संजय कुमार जैन एवं मंजूषा जैन की सुपुत्री सिमी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की उपाधि प्राप्त की है। बेटी की सफलता पर परिवार सहित पूरे नगर में खुशी का माहौल है। सीए सिमी जैन ने बताया कि वर्ष 2019 में अपनी सीए बनने को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी थी। मई 2025 में आयोजित अंतिम परीक्षा को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। नागपुर में ही रहकर अपनी सीए की पढ़ाई करने के साथ आर्टिकलशिप को भी पूर्ण किया। उल्लेखनीय रहा कि बिना किसी असफलता के सीए की सभी परीक्षाएं मेहनत एवं लगन के साथ सफलतापूर्वक पास किया। सफलता का श्रेय परिवार के नत्थूलाल जैन, डॉ जयकुमार जैन के साथ शिक्षकों को बताया। सिमी जैन की शानदार उपलब्धि पर समाज एवं नगरवासियों द्वारा लगातार बधाई दी जा रही हैं। चर्चा के दौरान बताया कि मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ कोई भी मंजिल पाई जा सकती है।

## जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र पुष्पराजगढ़ में 5.2 तथा अमरकंटक में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

## 6 दवा दुकानों की अनुज्ञप्ति निलंबित

**अनूपपुर।** औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जैतहरी स्थित मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज, अनूपपुर स्थित मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर, कोतमा कालरी भालूमाड़ा स्थित मेसर्स रियान मेडिकोज, तहसील जैतहरी के आदर्श ग्राम सिवनी स्थित मेसर्स आर के मेडिकोज, कोतमा स्थित मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स तथा अनूपपुर स्थित मेसर्स अमृत फार्मा का आकस्मिक निरीक्षण औषधि निरीक्षक अनूपपुर द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जाँच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अनूपपुर को प्रेषित किया गया था। जिसमें औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। संचालकों को जारी नोटिस का जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला अनूपपुर द्वारा मेसर्स राजेश मेडिकल स्टोर्स के संचालक को स्वीकृत थोक औषधि विक्रय अनुप्तियां निरस्त एवं स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 15 दिवस के लिए निलंबित की गई है। इसी प्रकार नोटिस का जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नही दिए जाने के कारण औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स लाइफ केयर मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 10 दिवस के लिए, मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 7 दिवस के लिए, मेसर्स रियान मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 5 दिवस के लिए, मेसर्स आर के मेडिकोज के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 7 दिवस के लिए तथा मेसर्स अमृत फार्मा के संचालक को स्वीकृत फुटकर औषधि विक्रय अनुज्ञाप्तियां 5 दिवस के लिए निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि में संचालकों को किसी भी प्रकार से औषधियों का क्रय-विक्रय नही किए जाने व मेडिकल स्टोर का संचालन बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं। आदेश में संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## नगर के सामुदायिक भवन आपात स्थिति के लिए आरक्षित

**उमरिया।** मानसून के दौरान हो रही बारिश तथा मौसम विभाग द्वारा दी जा रही चेतावनी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के निर्देश पर कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं। जिनमे मुख्य रूप से शहर के सामुदायिक भवन एवं आश्रय स्थल को आपात स्थिति के लिये सुरक्षित करना तथा अधिकारियों को सभी वार्डों का अनिवार्य रूप से नियमित निरीक्षण आदि शामिल है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से जिले में कई स्थानों पर जलप्लावन की स्थिति निर्मित हो रही थी।

### कलेक्टर ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**डिंडौरी।**

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यालय परिसरों की स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय माध्यमिक शाला चिरपोटी, पूर्व माध्यमिक शाला परापानी, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हर्राटोला, प्राथमिक शाला हर्राटोला, प्राथमिक शाला गिधलौंडी, शासकीय सेटेलाइट प्राथमिक शाला सड़क टोला बरगा, प्राथमिक शाला कचनारी, शासकीय माध्यमिक शाला किसलपुरी एवं कन्या माध्यमिक शाला किसलपुरी का भ्रमण किया।





निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अचानक कक्षाओं में पहुँचीं और बच्चों से पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे। कुछ स्कूलों में बच्चों के उत्तरों से संतुष्टि जताई गई, वहीं कुछ में शिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर बच्चों को प्रेरित करना चाहिए क्योंकि बच्चों की बुनियाद मजबूत करने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन योजना की भी जांच की और साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं मीनू के अनुसार भोजन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय व खेल सामग्री की उपलब्धता की स्थिति भी देखी गई। कहीं कमियाँ मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को त्वरित सुधार करने के निर्देश दिए।

हर्राटोला माध्यमिक शाला में बिजली व्यवस्था बाधित होने की जानकारी पर कलेक्टर ने एमपीईबी के ईई को तत्काल मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। वहीं सड़क टोला बरगा की सेटेलाइट प्राथमिक शाला के जर्जर भवन और बारिश के पानी टपकने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने विद्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित करने और संबंधित बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण में एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई अफजल इमाम उल्ला खान, नायब तहसीलदार मेंहदवानी, सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री दीपक आर्मो, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, जनशिक्षा केंद्र समन्वयक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा - विद्यालय सिर्फ पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का केंद्र हैं। हर बच्चा स्कूल आए, सीखे और सुरक्षित माहौल में बढ़े, यही हमारी प्राथमिकता है।

# पंचायतों में कार्यरत मेटों ने उठाई आवाज़, नियमितिकरण और मानदेय की माँग को लेकर पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### मेट संघ द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में ज्ञापन सौंपा गया है

**डिंडौरी ।**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत मध्यप्रदेश की 23,000 ग्राम पंचायतों में कार्यरत लगभग 1 लाख मेटों ने अपने नियमितिकरण व अन्य मांगों को लेकर आवाज़ बुलंद की है। मेटों द्वारा कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है । ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा योजना के संचालन में ग्राम पंचायत स्तर पर मेटों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे न केवल मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करते हैं बल्कि निर्माण कार्यों की निगरानी, सामग्री की खपत और मजदूरी भुगतान के लिए प्रथम प्रमाण के रूप में कार्य करते हैं। इसके बावजूद, आज तक मेटों के लिए कोई स्पष्ट एवं संतोषजनक नीति नहीं बनाई गई है।



**मेटों की प्रमुख माँगें निम्नानुसार हैं**

मेटों को नियमित किया जाए और उन्हें मासिक मानदेय प्रदान किया जाए।

निर्माण कार्यों में मेटों की भूमिका को विधिवत मान्यता देते हुए सामग्री बिलों में उनकी गवाही अनिवार्य की जाए।

मनरेगा मजदूरों को सालभर काम मिले और प्रतिदिन 500 की दर से मजदूरी सुनिश्चित की जाए।कार्यस्थल पर किसी भी दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में 5 लाख का बीमा कवरेज दिया जाए। मेटों ने कहा कि वे वर्ष 2005-06 से इस योजना में कार्यरत हैं, परंतु आज भी वे असंगठित और उपेक्षित स्थिति में कार्य करने को विवश हैं। प्रदेश स्तरीय नेतृत्व ने चेताया कि यदि शीघ्र ही इन मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।यह माँगपत्र एक बार फिर सवाल खड़ा करता है कि क्या सरकार अपने ही सबसे बड़े ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के जमीनी स्तंभों को उचित सम्मान और सुरक्षा दे पाएगी?

# पुलिया कम स्टाप डेम क्षतिग्रस्त आवागमन बाधित



**अमरपुर।**

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में पूर्व वर्षों में ग्रामीण यांत्रकीय सेवा संभाग डिंडौरी द्वारा सक्का मुख्य मार्ग से बांका टोला के बीच खरमेर नदी में स्टाप डेम कम पुलिया का निर्माण किया गया था। जोकि वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हो गया हैं। जहां से मात्र दोपहिया वाहन ही बामुश्किल से निकल पा रहा हैं। वहीं चारपहिया छोटा वाहन भी निकलना संभव सा हो गया हैं। ऊपर बने फर्श में भी जगह जगह गहरा गड्ढा हो गया हैं। जहां लोहे की सरिया निकल गए थे। जिन्हें भी आसामाजिक तत्वों द्वारा काट कर ले गए और अब आवागमन भी बाधित हो गया हैं। जिसका मरम्मत कार्य किया जाना अतिआवश्यक माना जा रहा हैं। अन्यथा 1 किलोमीटर में जहां पहुंचा जा सकता हैं, वहां कम से कम 7 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ रहा हैं। शासन द्वारा दी गई इस सुविधा का लाभ क्षेत्रीय ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा हैं।

**इनका कहना हैं:-**

ग्राम पंचायत के माध्यम से शीघ्र ही आवागमन बहाल करवा दूंगा।

**लोकेश नारनौरे**
सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर

# विद्यालय में शिक्षिकाओं के स्थानांतरण पर ग्रामवासियों ने जताई आपत्ति, कलेक्टर से की यथावत पदस्थापना की मांग

### कनई सांगवा स्कूल की शिक्षिकाओं का स्थानांतरण रद्द करने की मांग तेज

**डिंडौरी।** विकासखण्ड डिण्डौरी के ग्राम कनईसांगवा स्थित प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिकाओं के स्थानांतरण को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव के व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कलेक्टर महोदया को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शिक्षिका सीमा पाण्डे एवं उर्मिला मरावी को पुनः उसी विद्यालय में यथावत पदस्थ किया जाए। ज्ञात हो कि प्राथमिक शाला कनईसांगवा में वर्तमान में लगभग 85 बच्चे अध्ययनरत हैं, और पहले तीन शिक्षिकाएं पदस्थ थीं। हाल ही में दिनांक 27 जून 2025 को प्राथमिक शाला चंदना से प्रीतम सिंह बनवासी का स्थानांतरण इस विद्यालय में किया गया है, जो कि स्वयं इसी गांव के निवासी हैं। लेकिन उनके स्थानांतरण के तुरंत बाद विद्यालय में कार्यरत दोनों शिक्षिकाओं सीमा पाण्डे एवं उर्मिला मरावी का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि इन दोनों शिक्षिकाओं की मेहनत, लगन एवं समर्पण के चलते विद्यालय में न केवल बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत बनी हुई थी, बल्कि शैक्षणिक वातावरण भी अत्यंत सकारात्मक रहा है। यही कारण है कि ग्राम के किसी भी बच्चे ने निजी विद्यालयों में नामांकन नहीं कराया है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इन शिक्षिकाओं को कनईसांगवा प्राथमिक शाला में यथावत पदस्थ करते हुए स्थानांतरण आदेश को निरस्त किया जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर कोई विपरीत असर न पड़े।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने सीनियर कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, दिए सुधारात्मक निर्देश

**डिंडौरी।** जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बुधवार को विकासखंड डिंडौरी के ग्राम किसलपुरी में संचालित सीनियर कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं की दिनचर्या, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा इंतजाम तथा अध्ययन माहौल का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि 50 सीटर छात्रावास में केवल 25 छात्राएं ही उपस्थित थीं और "सार्थक एप" पर उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही थी। इस पर कलेक्टर ने अधीक्षिका को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सार्थक एप पर दर्ज की जाए। साथ ही छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे, खिड़कियों में कांच और पर्दे लगाए जाने के निर्देश दिए ताकि बालिकाओं की निजता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



रसोई एवं भंडार कक्ष का निरीक्षण करते हुए श्रीमती मारव्या ने पाया कि खाद्य सामग्री व्यवस्थित ढंग से संग्रहित नहीं की गई थी तथा चावल और गेहूं में कचरा पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री को स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त ढंग से मीनू के अनुसार तैयार कर छात्राओं को उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने रसोईघर, भोजन भंडारण कक्ष, शौचालय, निवास कक्ष और अध्ययन कक्ष का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया तथा छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं और ज़रूरतें समझीं। भोजन के नमूने की जांच करते हुए उन्होंने स्वच्छता मानकों को और बेहतर करने के निर्देश दिए।इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थिति रजिस्टर, स्वास्थ्य परीक्षण रजिस्टर, छात्राओं की सूची एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की और कहा कि व्यवस्थाएं नियमित, पारदर्शी और छात्राओं की सुविधा के अनुकूल होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता अभियान एवं कैरियर मार्गदर्शन जैसी गतिविधियों के संचालन के भी निर्देश दिए।

श्रीमती मारव्या ने कहा, "छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को घर जैसा सुरक्षित, प्रेरक और अनुशासित वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।" निरीक्षण के दौरान एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई अफजल इमाम उल्ला खान, नायब तहसीलदार मेंहदवानी, सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आंगनबाड़ी एकता संगठन ने अपनी 5 प्रमुख मांगें सरकार के सामने रखी हैं**

# एफआरएस प्रणाली के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### मांगों पर जल्द हो निर्णायक पहल, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी..?

**डिंडौरी।** आंगनबाड़ी एकता संगठन की जिला इकाई ने एफआरएस (Face Recognition System) प्रणाली को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने इस नई व्यवस्था को जमीनी स्तर पर अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे न केवल गरीब और जरूरतमंद हितग्राही प्रभावित हो रहे हैं बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ गया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि लॉकडाउन के दौरान लागू पोषण ट्रैकर और एफआरएस प्रणाली से हितग्राहियों का पंजीकरण मोबाइल ओटीपी और डिजिटल सत्यापन से किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, मोबाइल न होना और डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण गरीब महिलाएं, बच्चे और गर्भवती महिलाएं पोषण आहार से वंचित हो रही हैं।

संगठन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 25 मार्च 2025 को जारी निर्देशों के बाद से आंगनबाड़ी केंद्रों पर एफआरएस प्रणाली लागू की गई है, लेकिन इसके लिए जरूरी आधारभूत संसाधन जैसे स्मार्टफोन, टैबलेट, कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। परिणामस्वरूप कार्यकर्ताओं को अपने निजी मोबाइल और डेटा का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक और तकनीकी परेशानियां बढ़ रही हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कई बार नेटवर्क समस्या और ओटीपी ना आने से हितग्राही घंटों केंद्रों के बाहर खड़े रहते हैं। कई हितग्राही तकनीकी वजहों से लाभ से वंचित रह जाते हैं। इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर अनावश्यक दबाव और हितग्राहियों में आक्रोश बढ़ रहा है। आंगनबाड़ी एकता संगठन ने अपनी 5 प्रमुख मांगें सरकार के सामने रखी हैं एफआरएस प्रणाली को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को डिजिटल उपकरण (कंप्यूटर, लैपटॉप, टैब, हाई स्पीड इंटरनेट) से सुसज्जित किया जाए। पोषण आहार वितरण को तकनीकी बाधाओं से मुक्त रखा जाए। आधार सत्यापन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए ताकि कोई हितग्राही वंचित न रहे। सभी संगठनों से चर्चा कर उचित नीति बनाई जाए और तकनीकी समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो संगठन जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक आंदोलन करेगा।



## कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

# बाढ़ से दो बच्चे व एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बुधवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बुधवार को जिले में हुई अतिवर्षा से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बेलखेड़ी में शेढ़ नदी का पुल, कठौतिया में तसला नाला और झांसीघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पुल के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में या पुल क्षतिग्रस्त होने पर नदी-नाले पार न करें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कठौतिया में तसला नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने के निर्देश दिये, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने इस अवसर पर मैदानी अमले को नियमित रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं नदी- नालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये।

### पुलिस तथा मैदानी अमला रहे तैनात

पुल-पुलियो के ऊपर से पानी जाने या क्षतिग्रस्त होने पर बैरीकेटिंग लगाने को कहा, जिससे कोई भी नागरिक पुल-पुलियो को पार न कर सकें। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा हेतु पुलिस तथा मैदानी अमले को तैनात रहने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिये कि जिले में हो रही अतिवर्षा







व नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति होने पर तत्काल सूचना दें, जिससे जन-माल की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने मैदानी अमले को अतिवर्षा व बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने को कहा। किसी भी प्रकार की घटना होने पर इसकी सूचना तत्काल देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### तीन बच्चे डूबे दो के शव बरामद

बारिश के चलते स्थानीय सींगरी नदी में बाढ़ आने से तीन बच्चे डूब गए। जिनमे से दो के शव बरामद हो चुके है वही तीसरे की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के विपतपुरा निवासी तीन बच्चों के नदी में डूब गए। दो बालकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। एक बालक की तलाश में एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों बालक मंगलवार शाम को सींगरी नदी के पास रेलवे पुल के निकट डेम देखने गए थे। वापस नहीं आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि तीनों बच्चे शाम साढ़े पांच बजे घर से निकले थे। रात 9 बजे तक घर न लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी गई। स्टेशन गंज और कोतवाली थाने के 25 पुलिसकर्मियों ने रात 9:15 से ढाई बजे तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया तलाश के दौरान सुबह 7.30 पर 11 वर्षीय अक्षत मेहरा का शव सींगरी नदी के निचले हिस्से में जलभराव वाली जगह से मिला। करीब 1.30 पर 12 वर्षीय वासू अग्रवाल का शव भी मिल गया। 11 वर्षीय कृष्णा प्रजापति अभी भी लापता हैं।

### बड़े पुल के पास मिला युवक का शव

सींगरी नदी मे बाढ़ होने के कारण नगर के दो वार्डो को जोड़ने वाले सींगरी पुल के उपर पानी होने के युवक नदी पार करते समय बह गया था जिसका शव बड़े पुल के पास बुधवार की सुबह मिला। मिली जानकारी के अनुसार किसानी वार्ड निवासी जाकिर खान नदी पार करते समय बह गया था घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआएफ की टीम द्वारा खोजने जुट गई थी। ज्ञात हो कि उक्त पुल नगर के सुभाष वार्ड और पाठक वार्ड को जोड़ता है। उक्त पुल से आवागमन भी काफी रहता है। पुल नीचा होने के कारण बाढ़ जल्दी आ जाती है। पुलिस ने शव बरामद कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप

### सीए बने चेतन पटेल

**तेंदूखेड़ा।** प्रतिष्ठित ग्राम रौंसरा निवासी रामशंकर पटेल के सुपुत्र चेतन पटेल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। गौरव रहे कि होनहार मेहनती चेतन पटेल शुरू से ही पढ़ाई को लेकर सजग और मेधावी छात्र रहें हैं उन्होंने ने घर पर ही रहकर ऑनलाईन कोचिंग लेते हुए यह परीक्षा उत्तीर्ण की। चेतन पत्रकार भगतराम पटेल के भतीजे है।इनकी सफलता पर क्षेत्र के शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।



### राजस्व मामलों में अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें कुछ ज्यादा ही बढ़ती चलीं जा रही है।नामांतरण से लेकर सीमांकन फोती उठाने से लेकर 250 की कार्यवाही जैसे मामलें काफी लंबे समय से लंबित पड़े हुए हैं। आवेदकों को कब्जा हटाने की तारीखों पर तारीखें मिल जाने के बाबजूद भी आज तक कब्जा नहीं हट पा रहे हैं।आवेदक परेशान होकर यदि मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने 181 पर शिकायतें कर भी देते हैं तो उन्हें कुछ समय बाद बुलाकर आश्वासन देकर 181 कटवा दी जाती है। फिर आवेदक आश्वासनों के झुनझुना लेकर तहसील कार्यालय के चक्कर लगाते हुए देखे सुने जा सकते हैं। तेंदूखेड़ा में लगने वाली क्षेत्रीय विधायक की जनसुनवाई में ऐसे अनेकों मामलें भी आये है उनके द्वारा तत्कालीन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया लेकिन सुधार की दिशा में उचित पहल ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। तेंदूखेड़ा में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार नायाब तहसीलदार का स्थानांतरण हो जाने के बाद अब नये अधिकारियों ने लगभग कार्यभार संभाल लिया है। क्षेत्र के भूमि से संबंधित मामलों में परेशान कृषकों ने अपेक्षा व्यक्त की है कि तहसील की विसंगति पूर्ण व्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार जरूरी है।

### आज निकलेगी सांईबाबा की पालकी यात्रा

**तेंदूखेड़ा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आज नगर में विविध धार्मिक आयोजन होंगे।साथ ही मनकेडी वालों के कारखाने में स्थित श्री साई मंदिर में विराजमान सांईबाबा का वार्षिकोत्सव प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी धूम धाम से मनाया जायेगा। सुबह से हवन पूजन भंडारा तथा दोपहर में विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जायेगी। रात्रि में संगीतमय भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन समीति के द्वारा सभी से उपस्थिति की अपील की है। श्रद्धालुओं के द्वारा अपने अपने गुरुओं के यहां पहुंच कर गुरु पादुका पूजन किया जायेगा। क्षेत्र के प्रतिष्ठित हीरापुर मंदिर में राजराजेश्वरी मैया का पूजन अर्चन किया जायेगा स्वामीजी महाराज के शिष्य आज नेमिशारण्य पहुंच कर स्वामी जी महाराज का पादुका पूजन करेंगे।

### मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागरजी का होगा मंगल चातुर्मास, विद्या भवन में चातुर्मास समिति का हुआ गठन

**गोटेगांव।** संतशिरोमणि आचार्यगुरुवर 108 श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य गुरुवर 108श्री समय सागर जी महाराज के मंगलमय आशीर्वाद से परम पूज्य 108 मुनि श्री प्रबुद्ध सागर महाराज जी एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी महाराज का वर्ष 2025 में नगर मे पावन वर्षा योग होने जा रहा है। मुनिश्री संघ के चातुर्मास के लिए गोटेगांव में सकल जैन समाज की सहमति से विद्या भवन में आयोजित बैठक में चातुर्मास आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष अनिल कुमार जैन जैन टेंट हाउस उपाध्यक्ष मनीष कुमार जैन पार्षद महामंत्री अनिल जैन पत्रकार मंत्री अमित जैन कोषाध्यक्ष सुनील जैन स्टूडियो , सह कोषाध्यक्ष अंकित जैन प्रचार मंत्री नवीन जैन स्वागत मंत्री चक्रेश जैन के साथ ही समिति में अन्य संरक्षक सदस्यों को नामित किया गया। चातुर्मास समिति का गठन होने के उपरांत सभी पदाधिकारी सदस्यों ने श्री शांतिनाथ जिनालय में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज के श्री चरणों में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पीड़िति ने एसपी से की शिकायत, नाबालिग के अपहरण का आरोप

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली निवासी पीड़ति पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया कि ढिगसरा निवासी लक्ष्मण रजक पर अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़ति ने बताया कि 3 जुलाई की शाम 6: 30 बजे आरोपी उनके घर से भगा ले गया। इस संबंध में करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना करेली पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 599 / 2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) में मामला दर्ज किया है। पीड़ति पिता का आरोप है कि स्पष्ट जानकारी देने के बावजूद पुलिस आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से मेरी बेटी की सुरक्षा खतरे में है।

### तहसीलदार श्री शर्मा की तहसीलदार पद पर पदस्थापना

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा को अस्थायी तौर पर आगामी आदेश तक तहसीलदार करेली के पद पर नियुक्त करने के आदेश जारी किये हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के राजस्व विभाग के निर्देशानुसार तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा का स्थानांतरण जिला अनूपपुर से जिला नरसिंहपुर किया गया है। शासन के आदेश के परिपालन में तहसीलदार श्री शर्मा द्वारा 7 जुलाई को पूर्वान्ह में अपनी उपस्थिति जिला कार्यालय में दिये जाने के फलस्वरूप उक्त आदेश जारी किया है।

## अभाविप के स्थापना दिवस पर पूर्व कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ताओं द्वारा अभाविप के स्थापना दिवस पर जयप्रकाश वार्ड स्थित पार्क में पौधारोपण किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद अनिल दुबे ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में अधिक महत्व है ,ये पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ वातावरण को शुद्ध रखता है। पूर्व कार्यकर्ता नीरज लुनावत ने कहा कि कि परिषद हमेशा छात्र हित, समाज हित और राष्ट्र हित के लिए कार्य करता है और इसी संकल्प के साथ वर्ष 1949 में परिषद की स्थापना की गई थी उन्होंने आगे कहा कि अभाविप स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए छात्र हित के कार्यों में कार्य कर रही है। पूर्व कार्यकर्ता मुकेश सिंघई ने परिषद के समय किए गए कार्यों को साझा किया एवं उन्होंने आगे कहा कि समय-समय पर आंदोलन कर छात्रों की मांगों के लिए संघर्ष हुआ है। परिषद राष्ट्र के पुनर्निर्माण के क्षेत्र में अभाविप छात्रों के बीच काम कर रहा है। पूर्व कार्यकर्ता रजत चैहान ने कहा कि अभाविप कोई साधारण संगठन नहीं, अपितु एक राष्ट्र चेतना का आंदोलन है। यह एक विचार है, जो हमें सिखाता है कि विद्यार्थी होना केवल किताबों तक सीमित रहने का नाम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। इस अवसर पर पूर्व कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से प्रदीप जैन, अंकेश अग्रवाल, सौरभ जैन, प्रखर दुबे, वैभव नेमा, बोनी गुप्ता, अर्जुन लांबा, हर्ष जैन, ऋषि सिंह की उपस्थिति रही



### नारी कल्याण संगठन द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**नरसिंहपुर।** गत दिवस नारी कल्याण संगठन ने प्रकृति की प्रति अपनी जिम्मेदारी अनुभव करते हुए वृक्षारोपण कर पर्यावरण किया गया। महिलाओं ने नन्हे बच्चों के किड्जी कमल स्कूल में विभिन्न प्रकार के फलदार, औषधीय एवं फूलों वाले पौधे लगाए ताकि हमारे नौनिहाल प्रदूषण रहित वातावरण में पलें- बढ़ें। इस कार्यक्रम में संगठन की सचिव श्रीमती ज्योति चैहान, उप सचिव श्रीमती साधना जैसवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती मनीषा ताम्रकार, किड्जी की संचालिका श्रीमती स्वाति जैसवाल, श्रीमती शालिनी दुबे, श्रीमती सुनंदा भट्ट, श्रीमती अरुणा दुबे, श्रीमती शोभा नागपुरे, श्रीमती गीता ताम्रकार एवं श्रीमती सुमन शर्मा उपस्थित रहीं ।

### पुष्पांजलि सभा का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** जिले के राजनेता एवं म. प्र. शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर एम. आई. एम. टी. कॉलेज द्वारा कर्नल मुशरान की स्थानीय मुक्तिधाम स्थित समाधि पर पुष्पांजलि सभा एवं स्थानीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पुष्पांजलि अर्पित कर कर्नल मुशरान का उनका पुण्य स्मरण किया जावेगा। एम. आई. एम. टी. एन. सी. सी. कम्पनी द्वारा सलामी उपरान्त मौन श्रद्धांजलि से कार्यक्रम का समापन होगा।



### नेत्र शिविर का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।** शंकराचार्य हॉस्पिटल एवं नेत्रालय द्वारा राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहरों ग्रामों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोसरा (राजमार्ग) में 11 जुलाई को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निशुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण किया जावेगा।

## पुलिया कमजोर, उस पर बारिश का जोर



**गोटेगांव** करकबेल एन एच 22 जबलपुर -नरसिंहपुर मार्ग के ग्राम मानेगांव,गुंदरई, सूरवारी के बीचों बीच मुख्य मार्ग पर जो इस खबर में तस्वीर है यह किसी बड़ी होनी का इंतजार कर रही है ,इस मार्ग से और पुलिया के ऊपर से रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है, इस समाचार का उद्देश्य यह है कि समय रहते उक्त पुलिया को तुरंत ही दुरूस्त किया जावे, इस पुलिया पर से होकर गुजरने वाले निश्चिंत होकर स्कूल के बच्चे,स्कूली बसें,भारी या छोटे सभी प्रकार के वाहनों के सकुशल गुजरते रहें, क्योंकि लगातार बारिश हो जाने से जहां-तहां पुल पुलिया टूट जाने की खबरें आ रही हैं कहीं ऐसा ना हो कि यह पुलिया भी दुर्घटना का शिकार हो जाए और कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाए, समय रहते शासन प्रशासन इस और ध्यान आकर्षित कर क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त कराएं जाए ऐसी मांग आने जाने वाले राहगीरों ने की है जोकि सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए जनहित में न्यायोचित होगा

## अध्यक्ष के पत्र की मांग पर फुआरा चौक पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण

गोटेगांव

नगर के प्रमुख स्थल फुआरा चौक पर लंबे समय से प्रतीक्षित यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और यात्रियों में हर्ष का वातावरण है। यह प्रतीक्षालय अब धूप, वर्षा और अन्य मौसम की कठिनाइयों से राहत देने में सहायक सिद्ध होगा। इस निर्माण कार्य के प्रयास को पूर्व राज्य मंत्री जालमसिंह पटेल एवं गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने गंभीरता से लिया और तत्परता दिखाते हुए शासन से स्वीकृति उपरांत प्रतीक्षालय निर्माण कार्य कराया गया। ज्ञात होकि उक्त जन हितेषी मांग के सम्बन्ध में गोटेगाँव नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर ने पत्र लिखकर मांग की थी जिसके परिणाम स्वरुप स्थानीय विधायक द्वारा प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जा रहा है गोटेगाँव नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर ने ने इस अवसर पर लोक प्रिय नेता पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मानीय विधायक महेंद्र नागेश जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है जिनकी वजह से उक्त निर्माण संभव हो पाया है! नगर पालिका अध्यक्ष ने सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह प्रतीक्षालय नगर के यात्रियों को बड़ी राहत देगा। आगे भी नगर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे।" नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सभी ने सामूहिक रूप से अपने आभार में कहा कि यह निर्माण सिर्फ एक प्रतीक्षालय नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित और नागरिकों की चिंता करने वाले शासन की पहचान है।



## पोषण आहार सप्ताह के तहत महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम आयोजित

गोटेगांव

समीपवर्ती विगतदिवस श्रीनगर जिला पोषण मानक की जागरूकता ही स्वस्थ समाज निर्माण की प्राथमिक इकाई श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं शिक्षण महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में पोषण आहार सप्ताह के तहत ऐसा समाज जहां पोषण मानक की जानकारी नहीं है उन्हें भोजन में पोषण कैसे मिले इस पर कार्यक्रम आयोजित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप पाठक ने इन कार्यक्रमों में अपने उद्बोधन द्वारा कालांतर में वह अन्न जो भोजन के अंग हुआ करते थे वह धीरे-धीरे बाजारू संस्कृति के द्वारा सामान्य आदमी की थाली से दूर कर दिए गए अपने अपने उद्बोधन में मिलिट्स के उपयोग से पोषण कैसे प्राप्त हो इस पर विस्तृत विचार रखें साथ ही महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा गर्भवती मां बहनों के पोषण एवं उनके संतान पर पड़ने वाले प्रभाव पर पोस्टर बनाए गए। महाविद्यालय प्रांगण से पोषण जागरूकता पर एक रैली का आयोजन हुआ। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की अलग-अलग ग्रुप बनाकर भोजन में पोषण मानक कैसे प्राप्त हो इस पर परिचर्चा हुई जिसमें महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रतियोगिता में प्राप्त किया पोषण सप्ताह के आयोजन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एसपी डहेरिया श्रीमती अंकिता नामदेव का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे!



## विधायक निधि से दिए टैंकर हो रहे भंगार

**गोटेगांव।** ग्राम पंचायतों को पेयजल टेंकर एवं फायर फाइटर टैंकर विधायक निधि के माध्यम से प्रदान किए गए थे। लेकिन पंचायत को मिलने के बाद इनका रखरखाव नहीं किया गया। जिसके कारण अधिकांश ग्राम पंचायतों में मौजूद उक्त पेयजल टेंकर भंगार में तब्दील हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर टैंकर के टायर पूरी तरह से अस्त व्यस्त होने के कारण उसका उपयोग गांव के लोग नहीं कर पाते हैं। ग्राम पंचायत भी ऐसे टैंकरों की पूरी तरह से व्यवस्थित करके एक जगह पर खड़े करने की व्यवस्था नहीं करती है। जिसके कारण विधायक निधि से प्रदान किए गए पेयजल टैंकर खराब हो रहे हैं। ग्राम पंचायत अपने अधिपत्य में मौजूद पेयजल टेंकर को दुरूस्त कराने की दिशा में कदम उठाए। ग्राम पंचायत झौंतेश्वर का पेयजल टैंकर खुले मैदान में खड़ा हुआ है। उसकी अनदेखी करने के कारण टायर की हवा तक गायब हो गई है। पंचायत में बैठे जिम्मेदारों की लापरवाही से संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायत में विधायक निधि से दिए गए टैंकरों की अनदेखी व देखरेख न करने पर हो चुके हैं भंगार।



## गुरु का अस्तित्व ही शिष्यों के कल्याण के लिए है प्राण और गुरु में कोई अंतर नहीं

### श्री स्वामीजी गुरु पूर्णिमा पर विशेष अनुष्ठान, पादुका पूजन

हरिभूमि न्यूज, करेली।

श्री सद्गुरु यानि आषाढ़ के मेघ, जिनके आशीषों की वर्षा हो रही है। भगवत स्वरुप, गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस में गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा है कि ₹बंदऊ गुरु पद कंज, कृपा सिंधु नर रूप हरि₹ शिष्यों के लिए धरती पर गुरु ही भगवान का रूप हैं। एक और भजन की पंक्तियां गुरु तत्व की महिमा का विलक्षण गुणगान करती हैं, ₹कोई शिष्य गुरु चरणों में जब शीश झुकाता है, परमात्मा खुद आकर आशीष लुटाता है₹। परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री स्वामी जी महाराज हीरापुर वाले श्री गुरु चरणों की महिमा बताते हुए कहते हैं कि उनके प्राण और गुरु में कोई अंतर नहीं है। वे कहते हैं कि गुरु तत्व देह रूप में भी अपने शिष्यों का कल्याण करते हैं और देह त्यागने के बाद भी सूक्ष्म रूप में शिष्यों का कल्याण करते हैं। गुरु का अस्तित्व ही शिष्यों के कल्याण के लिए है। मां नर्मदा के आशीष से अभिसिंचित नर्मदांचल क्षेत्र सामर्थ्यवान तपस्वी संतो के सानिध्य व आशीष से समृद्ध है। गुरुजनों का आशीर्वाद शिष्यों पर अनन्य भाव से बरस रहा है। गुरुवार 10 जुलाई को पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री राजराजेश्वरी भक्त परिवार के बंधु गुरु चरण पादुका पूजन कर पर्व के अवसर पर गुरु चरणों की वंदना करेंगे। मां श्री श्री राजराजेश्वरी एवं मां श्री श्री रेवा के परम साधक, नर्मदापुत्र, तपोनिष्ठ संत प्रवर श्री श्री श्री हीरापुर वाले स्वामी जी महाराज इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर स्कंदाश्रम, श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ नैमिषारण्य धाम में विराजित रहेंगे, जहां गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जावेगा। गुरुवार 10 जुलाई को शिष्यों द्वारा श्री गुरुचरण पादुका पूजन किया जावेगा। इसके पूर्व पूज्य श्री स्वामी जी द्वारा नित्य श्री विद्या उपासना पूजन, श्री अर्चन, विशेष अनुष्ठान किया जावेगा। तदंतर पूज्य स्वामी जी विधिवत गुरु पूजन करेंगे। जिसके उपरांत शिष्यों द्वारा परंपरानुसार श्री गुरु चरण पादुका पूजन किया जावेगा। ज्ञातव्य है कि पूज्य सदगुरुदेव श्री स्वामी जी महाराज तीर्थवर, तपोभूमि नैमिषारण्य स्थित स्कंदाश्रम, श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ में 1008 दिवसीय क्षेत्र साधनारत हैं, जिसमें विशेष पूजन, अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इस वर्ष श्री गुरु चरणों की वंदना हेतु स्कंदाश्रम, श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ नैमिषारण्य धाम में भक्तों का मेला लगेगा।



